मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, रायबरेली, प्रतापगढ़, आजमगढ़, अहमदाबाद, मेरठ में वितरित

मेट्रो दिनांक

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

संपादक- दीनानाथ एम. तिवारी

Website : www.metrodinank.com
Email : metrodinank@gmail.com

RNI No. : MAHHIN/2009/35355 POST REGD.NO : MH/MR/NW-143/2018-20

○ वर्ष : ०९ ○ संयुक्तांक :१३-१४ ○ मुंबई, शुक्रवार ४ जनवरी से १७ जनवरी २०१९ ○ पृष्ठ : ४ कीमत : दो रुपये

सर्वश्रेष्ठ सांसद के बहुमान से नवाजे गए सांसद गोपाल शेट्टी

‘फेम इंडिया मैगजीन’ सर्वे में ग्रहण किया स्थान

दीनानाथ तिवारी

मुंबई, मुंबई २५ दिसंबर २०१८: उत्तर मुंबई निर्वाचन क्षेत्र के सांसद गोपाल शेट्टीजी को ’फेम इंडीया मैगझीन’ द्वारा किए एशिया पोस्ट के २५ सर्वश्रेष्ठ सांसदों २०१८ सर्वे में स्थान ग्रहण किया है. आपको बता दें कि गोपाल शेट्टी ने जीवन के २६ सालों से ज्यादा साल राजनीतिक जीवन में योगदान देकर सामाजिक क्षेत्र में सेवा प्रदान की है. उन्होंने सन १९९२ में एक सर्वसामान्य नगरसेवक के रूप में राजनीतिक जीवन में पहला कदम रखा था. मजबूत, निडर और क्षमतावान व्यक्तित्व के बलबूते पर गोपाल शेट्टीने मुंबई के उपमहापौर का ओहदा हांसील कर अपने व्यक्तित्व की अनुठी छवि अंकित की है. भारतीय जनता पक्ष में रह कर एक साधारण मंडल सचिव से लेकर भाजप मुंबई का सर्वोच्च पद भाजप मुंबई अध्यक्ष के रूप में ग्रहण करने का स्वर्णीम अवसर भी उन्हें प्राप्त हुआ. फेम इंडीया मैगझीन द्वारा कुल १० बिंदुओं पर आंकलन किया गया. सर्वे के मुताबिक गोपाल शेट्टी ने सांसद भवन की हर एक बैठक में उपस्थिती दर्ज कराइ है. सदन में उपस्थिती के लिए उन्हें १०० इ अंक प्राप्त हुए है. अन्य बिंदूओं में से सामाजिक सहभागिता के लिए ९९ %, लोकप्रियता के लिए ९९ %, निजी विधेयक सदन में पेश करने के लिए ९८ इ, छवि बरकरार रखने के लिए ९८ %, प्रभाव ९७ %, सदन में सवाल पुछने के लिए ९७ %, कार्यशैली के लिए ९७ %, जनता से जडाव के लिए ९६ %, सदन में बहस में भागीदारी के लिए ९५% अंक अर्जित किए है. फेम इंडीया मैगझीन सर्वे में बेहतरीन आंकलन के आधार पर गोपाल शेट्टीजी ने क्षमतावान श्रेणी में प्रमुख स्थान अर्जित किया है.

Each person is led by
ma Ku

Each person is led by desti
ma Kumaris

फेम इंडीया मैगझीन द्वारा कुल ५४३ सांसदों का सर्वेक्षण किया गया था. ५४३ सांसदों मै से केवल २५ सांसदों ने भारतियों के दिल में अपनी जगह बनाइ. २५ सांसदों में से महाराष्ट्र के ३ सांसदों को सर्वश्रेष्ठ सांसद का सम्मान प्राप्त हुआ है. महाराष्ट्र, अहमदनगर जिले से भारतीय जनता पक्ष के सांसद दिलीप गांधी, पुने जिले के बारामती से राष्ट्रवादी काँग्रेस पक्ष की सुप्रिया सुले, और मुंबई के भारतीय जनता पक्ष के सांसद गोपाल शेट्टीजी इस सर्वे में अपनी छाप छोड चुके है. इस भारी सफलता और सम्मान के बाद सांसद गोपाल शेट्टी के ताज में और एक हीरा जड गया है.

इस सफलता के बाद सांसद गोपाल शेट्टी ने अंतर्मुख हो कर कामयाबी का पुरा श्रेय अपनी माँ को और अटल बिहारी वाजपेयी को दिया है. उन्होंने कहा, ’ मेरी माँ की असीम छत्रछाया और उनके शुभाशीर्वाद के कारण आज मुझे यह दिन देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है. मेरी माँ ने उनकी सभी संतानों पर हमेशा अच्छे संस्कार किए जिसका फल आज मुझे प्राप्त हुआ है. साथ हि राजनीतिक जीवन में मुझ पर बीजेपी के फाउंडर मेंबर अटल बिहारी वाजपेयी जैसे महान व्यक्तित्व के विचार, नीतियों का गहरा प्रभाव रहा है. अटलजीने ४ दशकों से ज्यादा समय भारतीय सांसद के सदस्य के रूप में योगदान दिया है. जनतंत्र में रह कर पारदर्शी लोकनेता की छवि बरकरार रख ने में वह कामियाबी रहे है. अटलजी का जीवन मुझे हमेशा प्रेरणा प्रदान करता आ रहा है. उन्होंने दिखाए मार्ग पर चलते हुए मुझे आज यह जीत हांसील हुई है. ’

शराब पीकर वारदात को अंजाम देने की बढ़ रही है प्रवृत्ति

हत्यारा बना रही है नशे की आदत

शराबियों की कारस्तानी

मेट्रो दिनांक संवाददाता

मुंबई: नशे की लत लोगों को हत्यारा बना रही है। पिछले ६ महीने में ऐसे तमाम मामले सामने आए, जिनमें या तो शराब के लिए हत्याएं की गईं या शराब पीकर।



हालांकि इनमें से ज्यादातर आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति के थे। पाया गया कि शराब पीकर वे लोग जघन्य वारदात को अंजाम देने से भी पीछे नहीं हटते हैं। ताजा घटना मंगलवार की है, जब एक आरोपी युवक ने शराब के लिए पैसे मांगे और नहीं मिलने पर नाराज होकर उसने एक युवक की हत्या कर दी।

पंतनगर पुलिस ने एक युवक के खिलाफ संदीप घाडगे की हत्या करने का मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, पंतनगर के रमाबाई कॉलोनी ट्रांजिट कैंप में संदीप रहता था। मंगलवार को खाना खाने के बाद वह अपने घर के बाहर टहल रहा था। उस समय एक युवक वहां आया और संदीप से शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगा। संदीप ने जब पैसा देने से मना किया, तो युवक नाराज हो गया और चाकू से संदीप पर हमला कर मौके से भाग गया। स्थानीय लोगों ने बुरी तरह से जख्मी संदीप को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई।

मानखुर्द पुलिस

मानखुर्द के पीएमजीपी कॉलोनी स्थित साई कृपा एसआरए में रहने वाले बकरुद्दीन खान (४६) ने अपने दोस्त की मामूली बातों के चलते शराब के नशे में पीट-पीटकर हत्या कर दी।

५ जुलाई, २०१८ माहिम पुलिस

२२ साल के इमरान सैयद पर आरोप है कि उसने १८ साल के इरफान की शराब के नशे में गला दबाकर हत्या कर दी। दोनों सगे भाई थे।

५ अक्टूबर, २०१८

एन.एम.जोशी मार्ग पुलिस

खाने के बिल का पैसे मांगने को लेकर हुए विवाद में शैलेश गुप्ता नामक ग्राहक ने होटल के वेटर की जमकर पिटाई कर दी। इससे उसकी मौत हो गई। शैलेश पर अत्यधिक मात्रा में शराब पीने की वजह से खुद पर नियंत्रण नहीं रखने का आरोप है।

३१ अक्टूबर, २०१८

भांडुप पुलिस

भांडुप (पश्चिम) स्थित लेक रोड पर शराब पीकर दो व्यक्तिों ने मिलिंद अवतार (२७) की दुकान के पास हंगामा किया।

२२ दिसंबर, २०१८ जुहू पुलिस

नेहरू नगर झोपड़पट्टी स्थित अपने घर के बाहर बैठे मणि देवेंद्र (२५) से कुछ लोगों ने जबरन शराब पीने के लिए बोला, जिसका उसने विरोध किया। नाराज आरोपियों ने शराब की बोतलों से मणि पर जानलेवा हमला कर दिया।

मुंबई के महापौर विश्वनाथ महाडेश्वर के कर कमलों द्वारा मेट्रो दिनांक कैलेंडर का विमोचन कार्यक्रम संपन्न

मेट्रो दिनांक संवाददाता

मुंबई, मुंबई महापौर बंगले पर ३ जनवरी २०१९ को मेट्रो दिनांक के कैलेंडर २०१९ का उद्घाटन मुंबई के महापौर के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ. इस मौके पर मेट्रो दिनांक की मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती मंजू दीनानाथ तिवारी, संरक्षक श्री राम भाई पाल जी, प्रधान संपादक दीनानाथ तिवारी, मुंबई मनपा वार्ताहार के वरिष्ठ पत्रकार सुनील शिंदे, अशोक जगताप, मारुति मोरे के अलावा मेट्रो दिनांक के वरिष्ठ पत्रकार विनोद तिवारी, पूजा पांडे, सुरेश वाकडे, ओम प्रकाश दुबे, दिलीप सावंत, इत्यादि पत्रकारों की उपस्थिति में मेट्रो दिनांक कैलेंडर का विमोचन महापौर के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस शुभ अवसर पर मेट्रो दिनांक के संरक्षक राम कुमार पाल ने सभी पत्रकारों के अलावा मुख्य अतिथि के रूप में कैलेंडर के विमोचनकर्ता मुंबई के महापौर के अलावा वहां उपस्थित पूर्व महापौर महादेव देवलकर साहब का भी पुष्पगुच्छ, शाल, श्रीफल देकर सम्मानित किया गया.

संपादकीय

संकल्प का सच

नए साल की बात आते ही हमें सबसे पहले वे सारे उत्सव याद आते हैं, जो नए साल के साथ जुड़े होते हैं। इसके बाद याद आते हैं वे संकल्प, जो हम अक्सर नए साल की शुरुआत में और कई बार तो उसकी शुरुआत से पहले ही ले लेते हैं। वैसे नए साल में यकीन करते हों या न करते हों, और किसी और कैलेंडर के नए साल को मानते हों, यह अवसर जिंदगी के उन मनोवैज्ञानिक पड़ावों में से एक होता है, जब हमें लगता है कि अब हम एक नई जिंदगी शुरू कर सकते हैं या हमें शुरू करनी चाहिए। ऐसा ही एक पड़ाव तब होता है, जब स्कूली दिनों में हम एक नई कक्षा में पहुंचते हैं या फिर तब, जब हम नए घर में गृह प्रवेश करते हैं। नए साल के संकल्पों की दिक्कत यह होती है कि ज्यादातर फरवरी आते-आते हमें यह एहसास हो जाता है कि जिस नई जिंदगी के लिए दांव लगाया था, वह तो ठीक से शुरू हुई ही नहीं। या अगर हुई भी, तो कुछ समय बाद ही पुराने ढर्रे पर लौट आई। इसके बाद हम अपनी संकल्प शक्ति को कोसते हुए अगले साल का इंतजार करने लगते हैं। निश्चित रूप से कुछ पूरे भी होते होंगे, लेकिन आम धारणा यही है कि नए साल के ज्यादातर संकल्प या तो अधूरे रह जाते हैं या बीच राह में ही भटक जाते हैं। हमारे संकल्प अधूरे क्यों रह जाते हैं, इसे लेकर मनोवैज्ञानिकों ने काफी सिर खपाया है और तमाम शोध भी किए हैं।

एक धारणा यह है कि हमारे ज्यादातर संकल्प स्पष्ट नहीं होते। हम एक मोटा-मोटा सा लक्ष्य तय कर लेते हैं, जैसे इस साल मैं वजन घटाऊंगा या फिर सिगरेट पीना छोड़ दूंगा। इसमें संकल्प कम होता है और सदिच्छा ज्यादा। कई मनोवैज्ञानिक मानते हैं कि संकल्प स्पष्ट होना चाहिए और उसे छोटे-छोटे ऐसे लक्ष्यों में बंटा होना चाहिए, जिन्हें आसानी से हासिल किया जा सके। जैसे एक महीने तक में हर रोज दो किलोमीटर दौड़ लगाऊंगा और फिर अगले महीन ढाई और उससे अगले महीने तीन किलोमीटर पर पहुंच जाऊंगा। हालांकि बहुत से लोगों ने यह भी करके देख लिया, ऐसे संकल्प भी मंजिल से पहले ही ढेर हो जाते हैं। तो क्या किया जाए? कई मनोवैज्ञानिक मानते हैं कि हमारा मन और हमारा दिमाग हमारी समझदारी के हिसाब से नहीं चलता और वह अपनी पुरानी आदतों की ओर लौट जाता है। इसलिए अच्छा यही है कि हम अपने दिमाग को बहकाने और फुसलाने का खेल खेलें। कंप्यूटर की भाषा में कहें, तो दिमाग को हैक करें। द पॉवर ऑफ हैबिट के लेखक चार्ल्स धुइग ने इसका एक दिलचस्प तरीका बताया है। यह तरीका है, मन को ललचाने और ईनाम देने का। जैसे, आप सोचें कि जिस दिन दो किलोमीटर दौड़ लगाई, एक गुलाब जामुन खाऊंगा या पूरे दिन सिगरेट नहीं पी, तो शाम को पिज्जा खाऊंगा। फिर अगर आपने सिगरेट पी भी ली, तो शाम को मन में पिज्जा न खा पाने का पछतावा रह जाएगा, क्योंकि मन बुद्धिमानी भरे लंबे लक्ष्य से ज्यादा तत्काल लालच को पहचानता है।

बेशक यह तरीका वैसा ही है, जैसा बच्चों को बहलाने और उनमें नई आदत डालने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। सच यह है कि हमारा दिल भी बच्चा ही है, हम उसे सूखी समझदारी से नहीं बदल सकते। इसके लिए बचपन वाला फॉर्मूला ही ज्यादा अच्छा है। वैसे यह ऐसा तरीका है, जिसके लिए आपको नए साल की भी जरूरत नहीं है। इसे आप कभी भी, कहीं भी शुरू कर सकते हैं।

मां के इलाज के लिए नहीं थे पैसे, व्यापारी ने परिवार संग की आत्महत्या

गुजरातः गुजरात के जामनगर में एक परिवार ने आर्थिक तंगी के चलते जहर खाकर सामूहिक आत्महत्या कर ली. फरसाण की दुकान चलाने वाले दीपक साकरिया (४०) उनकी पत्नी आरती (३७), मां जयाबेन (७०), बेटी कुमकुम (१०) और बेटे हेमंत (५) के शव मंगलवार को उनके घर से बरामद किए गए. बताया जा रहा है कि दीपक की मां जयाबेन लम्बे समय से बीमारी थी. पैसे ना होने के कारण वो उनका इलाज नहीं करा पा रहे थे. इससे परेशान होकर परिवार ने यह कदम उठाया है. बताया जा रहा है कि यह घटना तब सामने आई जब व्यापारी के पिता पन्नालाल ने घर वाले नहीं दिखाई देने पर उन्होंने ऊपर की मंजिल पर जाकर देखा. इसके बाद पड़ोसियों को पता लगने पर उन्होंने १०८ को इस घटना की सूचना दी.

घर खरीदने लिया था लोन...

दीपक अपने माता-पिता, पत्नी और बेटे-बेटी के साथ जामनगर के किसान चौक इलाके में रहते थे. उन्होंने १० साल पहले ही एक मकान खरीदने के लिए लोन लिया था. वो पिछले कुछ माह से लोन नहीं चुका पा रहे थे. कुछ दिन पहले ही बैंक अधिकारी उनके घर आए थे. इसलिए उनका परिवार परेशान था. वो ना तो मां के इलाज के लिए पैसे जुटा पा रहे थे और ना ही बेटे-बेटी की पढ़ाई का खर्च उठा पा रहे थे. दीपक के रिश्तेदार अश्विन रानपरिया ने बताया कि दीपक भाई से तीन दिन पहले ही बातचीत हुई थी तब उन्होंने कहा था कि धंधा दीवाली के बाद से ही सुस्त चल रहा है. उनका खर्चा बढ़ता जा रहा है. इस बारे में जिला पुलिस अधीक्षक शरद सिंघल ने बताया कि प्राथमिक जांच में आर्थिक तंगी के चलते दीपक और उनके परिवार ने यह कदम उठाने की बात समझ आ रही है. फिलहाल जांच की जा रही है.

मोबाइल पर बात कर रही थी नाबालिग बेटी, नाराज पिता ने जिंदा जलाया

मुंबईः मुंबई में एक खौफनाक वारदात सामने आई है, जहां एक शख्स ने अपनी नाबालिग बेटी को जिंदा आग के हवाले कर दिया. जिसकी वजह से वो लड़की बुरी तरह झुलस गई. आरोपी इस बात से खफा था कि उसकी बेटी देर तक मोबाइल फोन पर किसी लड़के से बात कर रही थी. अभी उसकी हालत गंभीर बनी हुई है.

मामला मुंबई के विरार इलाके का है. जहां सोमवार की दोपहर गोपचरपाडा में आरोपी पिता ने इस वारदात को अंजाम दिया. दरअसल, नूर मंजिल में मोहम्मद मुर्तजा मंसूरी का घर है. जहां दोपहर के वक्त उसकी १६ वर्षीय बेटी शाहिस्ता किसी से मोबाइल फोन पर बात कर रही थी. मुर्तजा को शक था कि उसकी बेटी किसी लड़के से बात कर रही है. इस बात से मुर्तजा आपा खो बैठा और उसने अपनी बेटी से मोबाइल छीनकर तोड़ दिया. फिर उससे पूछताछ करने लगा. जवाब ना देने पर उसने बेटी पर केरोसीन का तेल डाल दिया और आग लगा दी. लड़की मदद के लिए चीखने लगी. शोर शराबा सुनकर आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाकर लड़की को अस्पताल पहुंचाया. डॉक्टरों ने पाया कि लड़की ७० फीसदी झुलस चुकी थी. इसलिए उसे फौरन मुंबई के केईएम अस्पताल में रेफर कर दिया गया. जहां उसकी हालत बेहद नाजुक बनी हुई है. पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है.

बेरहम पति ने पत्नी को मौत के घाट उतारा, नौकरी करने से था नाराज

हरियाणाः नए साल के पहले दिन हरियाणा के सांपला से एक बुरी खबर आई. मायके में रह रही पत्नी से नाराज पति ने नए साल के जश्न के बहाने उसे मौत की नींद सुला दी.

मृतका पिंकी की मां संतरा देवी ने पुलिस को बताया कि उसकी बेटी पिंकी की शादी १५ साल पहले झज्जर के बराही गांव के निवासी सुरेंद्र उर्फ सोनू से हुई थी. पिंकी पिछले तीन साल से मायके में ही रह रही थी और एक निजी अस्पताल में नौकरी कर रही थी. उसके दो बच्चे पिंकी (१३) और मयंक (१०) भी उसके साथ ही रहते थे. पिंकी का मायके रहना और नौकरी करना पति को पसंद नहीं था. मायके में रहने और उसकी नौकरी को लेकर दोनों के बीच कई बार झगड़ा हो चुका था. आरोपी सुरेंद्र का छोटा भाई कालू भी पिंकी को कई बार धमका चुका था. पुलिस के मुताबिक, ३१ दिसंबर की रात आरोपी सोनू ने अपनी सास संतरा देवी के मोबाइल पर कॉल करके कहा कि वह पत्नी के साथ नया साल मनाना चाहता है और उसे डिनर कराना चाहता है, इसलिए उसे अस्पताल से ही लेकर जाएगा. आरोपी अपनी पत्नी को रेस्टोरेंट में ले जाने के बजाय अस्पताल के नजदीक बने एक कमरे में ले गया और उसने बेरहमी से उस पर चाकू से १७ बार वार किए और मौत की नींद सुला दी. पुलिस ने मृतका की मां संतरा देवी के बयान पर आरोपी सुरेंद्र और उसके भाई कालू के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है. दोनों आरोपी फिलहाल फरार हैं. हत्या की जांच कर रहे सांपला के एसएचओ कुलबीर सिंह ने कहा कि आरोपी पति सोनू और उसके भाई के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है. आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है और दोनों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

फ्लैट में चल रही थी नए साल की पार्टी, फोन पर बात करता युवक बॉलकनी से गिरा, हुई मौत

नोएडाः नोएडा की एक सोसाइटी के पांचवें फ्लोर से गिरकर २८ साल के इंजीनियर की मौत हो गई है. बताया जाता है कि यह युवक अपने फ्लैट की बालकनी में मोबाइल फोन पर अपने एक दोस्त से बात कर रहा था, इस दौरान न जाने कैसे वह रेलिंग से नीचे गिर गया और उसकी मौत हो गई. घटना के समय युवक के ७ अन्य दोस्त घर में मौजूद थे.

टीओआई के मुताबिक विवेक परमार नामक यह युवक नोएडा के सेक्टर १२० स्थति आम्रपाली जोडिएक सोसाइटी में किराए के फ्लैट में रहता था. वह एक निजी कंपनी में काम करता था. खबर के अनुसार, सोसाइटी में नए साल का जश्न चल रहा था और तेज म्यूजिक बज रहा था, जिसकी वजह से उसके गिरने पर तत्काल किसी का ध्यान नहीं गया. बाद में जब इसका पता लोगों को चला, तब तक शरीर से काफी खून निकल चुका था. पुलिस करीब ४० मिनट बाद पहुंची, लेकिन तब तक युवक की मौत हो चुकी थी. परमार ने अपने घर पर नए साल की पार्टी आयोजित की थी, जिसमें उसके सात दोस्त आए थे. पुलिस ने उन सभी को हिरासत में ले लिया है. युवकों ने कहा कि वे फ्लैट के हॉल में बैठकर कुछ ड्रिंक ले रहे थे और सोसाइटी में बज रहे तेज म्यूजिक की वजह से वे युवक के गिरने की आवाज सुन नहीं पाए. एक दोस्त बालकनी में गया तो उसे वहां परमार नहीं दिखा और वहां उसका सिर्फ मोबाइल फोन दिखा. उसने नीचे झांकर देखा तो वहां परमार बेसुध पड़ा दिख रहा था और उसके शरीर से खून भी निकलता दिख रहा था. परमार मूलतः हिमाचल प्रदेश का था. पुलिस ने उसके परिवार को इस दुर्घटना की जानकारी दे दी है. परमार के एक दोस्त यश के मुताबिक यह घटना १ जनवरी तड़के करीब ३.३० बजे हुई. उसके मुताबिक परमार ने भी थोड़ी शराब पी रखी थी. बातों-बातों में यह तय हुआ कि एक और दोस्त शिवम खन्ना को तुरंत फोन पर नए साल की बधाई दी जाए, जो मुरादाबाद में रहने की वजह से इस पार्टी में शामिल नहीं हो पाया था.

SBI की महिला बैंक मैनेजर ने की आत्महत्या, ३ साल पहले हुई थी शादी

हरियाणा, हरियाणा के पानीपत में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) बपौली की ब्रांच मैनेजर प्रिया रानी ने देर शाम फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. बताया जा रहा है कि वह सेक्टर 11 में किराये के घर में रहती थी. तीन साल पहले ही उसकी शादी हुई थी. रात को जब उसका भाई घर लौटा तो उसे बहन की मौत का पता चला. इस घटना से पूरा परिवार सदमे में है. मिली जानकारी के अनुसार, प्रिया रानी बपौली की एसबीआई शाखा में ब्रांच मैनेजर के पद पर पदस्थ थी. वो मूल रूप से बिहार के आरा जिले के पकड़ी गांव की रहने वाली थी. तीन साल पहले ही 28 वर्षीय प्रिया की ग्रेटर नोएडा में रहने वाले विवेक से शादी हुई थी. उसका पति ग्रेटर नोएडा में ही एक निजी कंपनी में इंजीनियर था.

कुछ माह पहले ही हुआ था ट्रांसफर...

प्रिया का ट्रांसफर अगस्त में ही बपौली की शाखा में हुआ था. यहां आने के बाद वह सेक्टर 11 में माता-पिता और भाई प्रशांत के साथ रहती थी. उसका भाई इंजीनियरिंग कर रहा है. 31 की रात पूरा परिवार बाहर गया था और प्रिया घर पर अकेली थी. जब उसके घर वाले लौटे तो उन्होंने देखा कि उसने आत्महत्या कर ली है. डॉक्टरों के बोर्ड ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है. प्रिय ने सुसाइड क्यों किया, इसका पता नहीं चल पा रहा है. इस बारे में एएसआई रमेश ने बताया कि प्रिया रानी ने यह कदम अचानक क्यों उठाया इसकी जांच अभी चल रही है. उसके परिवार वालों ने भी किसी तरह के विवाद से इनकार किया है. उनका कहना है कि प्रिया अपने पति से मिलने अक्सर ग्रेटर नोएडा जाया करती थी. उसका पति से भी अच्छा रिश्ता था. वह सरल स्वभाव की थी, लेकिन वह ऐसा कदम उठाएगी यह किसी ने नहीं सोचा था.

नवी मुंबई में नए निर्माणों को पानी कनेक्शन नहीं

नवी मुंबई, पनवेल मनपा क्षेत्र में अभी से ही पीने के पानी की कमी होने लगी है। इसके चलते करीब एक पखवाड़े से पनवेल शहर में एक दिन के अंतर से जलापूर्ति की जा रही है। सीमित जल भंडार और बढ़ते जल संकट से पनवेल मनपा प्रशासन ने जलापूर्ति सामान्य होने तक शहर में नए निर्माणों को नया पानी कनेक्शन देने पर रोक लगा दी है। जलापूर्ति में आ रही कमी के चलते मनपा महासभा में भी हंगामा हो रहा है। विपक्षी नगरसेवकों ने पनवेल मनपा प्रशासन से मांग की है कि वह जल्द से जल्द इस समस्या को दूर करे और आम जनता को पर्याप्त जलापूर्ति बहाल करे। बीते साल भी मानसून के समाप्त होने के दो-तीन महीने बाद से ही पनवेल में पीने के पानी की समस्या आ खड़ी हुई थी। इस साल भी लगभग यही स्थिति आ गई है। हाल ही में देहरंग जलाशय के जल निकासी वाली पाइपलाइन के मुहाने पर रिसाव शुरू हो गया था। इसके चलते भी करीब २ लाख की आबादी वाले पुराने पनवेल शहर की जलापूर्ति बुरी तरह से प्रभावित हो गई थी। यह समस्या अभी भी जारी है। मात्र २७ महीने पहले स्थापित पनवेल मनपा क्षेत्र में जलापूर्ति की समस्या शुरू से ही बनी हुई है। आपूर्ति से अधिक मांग होने के चलते मनपा प्रशासन को जलापूर्ति में लगातार कटौती करनी पड़ रही है। इस समस्या के समाधान के लिए पनवेल मनपा प्रशासन लगा हुआ है। पनवेल के लिए पहले ही ४०८ करोड़ रुपये की लागत वाली अमृत योजना मंजूर की जा चुकी है। यह योजना केंद्र और राज्य सरकार के सहयोग से पूरी की जा रही है। हालांकि इस योजना के पूरा होने में तीन साल लगने वाले हैं। तब तक पनवेल में पीने के पानी की कमी बनी रहने वाली है। इस कमी को दूर करने के लिए मनपा प्रशासन को पूरे मनपा क्षेत्र में संतुलित जलापूर्ति करना होगा। मनपा सदन में विरोधी दल नेता प्रीतम म्हात्रे व अन्य विपक्षी नगरसेवकों ने मनपा को कई सुझाव दिया है। इनमें प्रमुख रूप से पीने के पानी की हो रही चोरी पर रोक लगाने और मनपा क्षेत्र में निजी बोरवेल पर पाबंदी लगाते हुए इन बोरवेल से आम जनता को जलापूर्ति शुरू करने की मांग शामिल है। इसके अलावा मनपा क्षेत्र में अवैध नल कनेक्शनों को ढूंढकर उसे बंद करने, नए कनेक्शनों पर रोक लगाने, जल रिसाव रोकने, पानी चोरों को पकड़कर दंडित करने, आम जनता में जल बचत का संदेश देने, बाग-बगीचों को हर-भरा रखने के लिए दूषित जल को स्वच्छ कर उसका उपयोग करने, पीने के पानी का दुरुपयोग को सख्ती से रोकने जैसे कई अन्य उपाय शामिल हैं।

केंद्र सरकार की अमृत योजना के ३ साल में पूरा होते ही पनवेल मनपा की जलापूर्ति योजना पटरी पर आ जाएगी। इस अमृत योजना पर ४०८ करोड़ रुपये खच होने वाले हैं। इसकी मंजूरी पहले से ही मिल गई है। इस योजना के तहत पनवेल मनपा क्षेत्र में पानी की ४० टंकियों का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा १६५ किलोमीटर लंबी भूमिगत पाइपलाइन भी शहर भर में बिछाई जाएगी। इस योजना के मई २०२१ तक पूरा होने की उम्मीद है। इन कार्यों के पूर्ण हो जाने के बाद पनवेल की पीने के पानी की समस्या लगभग समाप्त हो जाएगी। जलापूर्ति समस्या को तात्कालिक रूप से दूर करने के लिए भी नगरसेवकों ने मनपा प्रशासन से नए विकल्पों पर जोर देने की मांग की है। इनमें देहरंग जलाशय की जल संचय क्षमता को बढ़ाने, सिडको द्वारा बनाए गए हेटवणे बांध को अपने कब्जे में लेने, एमआईडीसी, महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण (एमजेपी) तथा नवी मुंबई मनपा से बात करके उनसे अतिरिक्त पानी लेने जैसे विकल्पों का सुझाव शामिल है। यदि ये सुझाव अमल में लाए गए और पनवेल मनपा को एमआईडीसी, एमजेपी व नवी मुंबई मनपा से अतिरिक्त पानी मिल गया, तो अमृत योजना के पूरा होने तक पनवेल की पीने के पानी की समस्या बहुत हद तक दूर हो जाएगी।

जन्मदिवस की बधाई

सम्पादक - दीनानाथ तिवारी
'मेट्रो दिनांक' समाचार पत्र

ना फूल है ना कोई हार
गुलदस्ता नही मेरे पास
देती हूँ आशीर्वाद
मुबारक जन्मदिवस.....२

ये दिन है बड़ा पावन
तारीख है मन भावन
नये साल में है आता।
खुशियां है छा जाता
मुबारक जन्मदिवस.....२

नामों में छूपा जो भाव
दीन का नाथ करो उध्दार
मिलकर बन गया दीनानाथ
मुबारक जन्मदिवस......२

संघर्षशील हो आप
संकट से भरे सब काम
करते भी नहीं विश्राम
मुबारक जन्मदिवस.....२

करते हो ऊँचे काम
हिंदी भाषा के नाम
भारत के हो पहचान
मुबारक जन्मदिवस.....२

एक छोटी सी फरियाद
इस बहन को रखना याद
कभी भूल न जाना आप
मुबारक जन्मदिवस.....२
ईश्वर से दूवा माँगू
भाई की रजा माँगू
रहो सुखी सदा आगाज
मुबारक जन्मदिवस.....२

- डॉ. अर्चना दूबे

आवश्यकता है

मुंबई, ठाणे, कल्याण, नवी मुंबई, पालघर, इलाहाबाद, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, प्रतापगढ, आजमगढ़, लखनऊ इत्यादि जिलों से अंशकालिक संवाददाताओं की आवश्यकता है। संपर्क करें :

संपर्क : मो.
९८२१२८७९०५,
९३२२२४८३५३-
९१६७००९६२९
Email :

Advertisment Rates

Rs. 1000/- 1 Month (Five lines)
Rs. 3000/- 2 Month+1 Month (Five lines)
Rs. 3000/- 3 Month+2 Month (Five lines)

Size	B/W (Rs.)	4 Col. (Rs.)
Full Page	30,000	50,000
Half Page	16,000	30,000
Quarter Page	8,000	16,000
V card size	4,000	9,000

MEMBERSHIP
5 Year - 1000 Life time - 3000
Note : Please Issue Cheque, Cash & DD in the name of "Metro Dinank"

प्रकाशक, मुद्रक- श्रीमती मंजू दीनानाथ तिवारी द्वारा स्वामी एवं संपादक- दीनानाथ एम.तिवारी, द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस 7, उद्योग भवन, शर्मा इंडस्ट्रियल इस्टेट, बालभट्ट रोड गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 63 मुद्रित तथा जय बजरंगबली चाल कमेटी, गांधी नगर, कुरार विलेज मालाड (पूर्व), मुंबई- 97 से प्रकाशित। संपादक - दीनानाथ एम. तिवारी, **कार्यकारी संपादक-** कर्ण हिन्दुस्तानी, **उपसंपादक-** शिवशंकर तिवारी, संतोष तिवारी, राजेश पाल **संरक्षक-** वसंत सेठिया, शैलेश देसाई, दयाराम पाल, राजेंद्र आर. पाल, जया पेंगल, राजकुमार यादव, सुशील पाण्डेय (सी.ए.) - **चीफ एड डिपार्टमेन्ट-** निलेश पांडे **वितरक-**सुचित कुमार (मंत्रालय, पुलिस, मनपा, रेलवे, ओल्ड कस्टम हाऊस)

उत्तर प्रदेश ब्यूरो चीफ : बी. के. मिश्रा / सी. एस. तिवारी
कानून सलाहकार- डी.के. पाण्डेय, एड. किशोर डेढिया, जे.पी. शर्मा, एस.के. दुबे, के.के. शुक्ला, **संपर्क : टेलीफैक्स** 022-29656280,
मो. 9821287905, 9322248353-9167009629
Email : metrodinank@gmail.com
Post Regd.NoMH/MR/NW~-143/2009
नोटिस, नामपरिवर्तन, गजट, व्यवसायिक विज्ञापन आदि छपवाने के लिए संपर्क करें

कोलकाता बंदरगाह पर मिला दूसरे विश्व युद्ध का विटेंज बम, १००० पाउंड है वजन

कोलकाता: दूसरे विश्व युद्ध का एक विंटेज १००० पाउंड का बम कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट (केओपीटी) के नेताजी सुभाष डॉक पर ड्रेजिंग ऑपरेशन के दौरान मिला। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट के एक अधिकारी ने आईएएनस को बताया, विश्व युद्ध-२ का एक विंटेज १००० पाउंड का बम कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट (केओपीटी) के नेताजी सुभाष डॉक पर शुक्रवार को ड्रेजिंग ऑपरेशन के दौरान मिला। यह एक एरियल बम है, जिसका इस्तेमाल संभवत: दूसरे विश्व युद्ध के दौरान किया गया था। बंदरगाह के अधिकारियों ने इस संबंध में पुलिस के समक्ष एक एफआईआर दर्ज कराया। बंदरगाह के अधिकारी ने कहा, 'कोलकाता पुलिस समन्वय कर रही है। भारतीय नौसेना और भारतीय सेना को सूचित कर दिया गया है। डॉक के बर्थ २ पर सीआईएसएफ ने बम की घेराबंदी कर दी है।'नौसेना के पश्चिम बंगाल के प्रभारी अधिकारी कोमोडोर सुप्रोभो के. डे ने बताया, 'यह कई सालों तक पानी में रहा है। यह कहना मुश्किल है कि यहां कैसे आया। हो सकता है कि इसे जहाज में ले जाया जा रहा हो और जहाज से किनारे लाने के दौरान नदी में गिर गया हो। हम नहीं जानते कि असली कारण क्या है।'उन्होंने आईएएनएस को बताया, 'हमारी जांच से प्रतीत होता है कि यह एक एरियल बम है और अमेरिका में बना है, क्योंकि इस पर अमेरिकी मार्कि ग है। हम विशेषज्ञ से जांच कराने में केओपीटी को सहयोग कर रहे हैं।'अधिकारी ने बताया कि इंडियन ऑर्डिनेंस फैक्ट्री बोर्ड से भी जांच के लिए संपर्क किया जा सकता है। इसे सुरक्षित पाए जाने पर संग्रहालय में रखा जा सकता है।

शेल्टर होम में लड़कियों को किया जा रहा प्रताड़ित

नई दिल्ली: दिल्ली महिला आयोग (DCW) ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली में एक शेल्टर होम की लड़कियों के साथ उसके कर्मचारियों द्वारा कथित रूप से दुर्व्यवहार किया गया, जिसके बाद पुलिस ने एक शिकायत दर्ज की। महिला आयोग ने कहा, 'गुरुवार को दिल्ली में आश्रय गृहों के निरीक्षण के दौरान, आयोग के सदस्यों ने ६-१५ वर्ष की उम्र की लड़कियों के साथ बातचीत की। इस दौरान उनके साथ होने वाले दुर्व्यवहार के बारे में पता चल सका।

दिल्ली महिला आयोग की प्रमुख स्वाति मालीवाल ने कहा, 'दिल्ली के द्वारका में एक शेल्टर

प्राइवेट पार्ट में डाला मिर्च पाउडर

होम में लड़कियों को प्रताड़ित किया जाता था, उनकी पिटाई की जाती थी और उन लड़कियों में से दो जिनकी उम्र सिर्फ ६-७ साल है उनके निजी अंगों में मिर्च पाउडर डाला गया। FIR दर्ज की गई है। यहां किशोर लड़कियों से भी बर्तन, कपड़े, कमरे और शौचालय साफ करने के लिए मजबूर किया जाता था। २२ लड़कियों और कर्मचारियों के लिए घर में केवल एक रसोइया था, और भोजन की गुणवत्ता अच्छी नहीं थी। बयान में कहा गया, 'किशोर लड़कियों ने शिकायत की कि उन्हें अपने कमरे साफ नहीं रखने और कर्मचारियों की बात नहीं मानने के लिए पीटा गया। उन्हें गर्मियों और सर्दियों की छुट्टियों के दौरान घर जाने की अनुमति नहीं थी।'समिति के सदस्यों ने अगें प्रमुख स्वाति मालीवाल के साथ आरोपों को साझा किया, जो तुरंत रात ८ बजे घर पहुंचीं। मालीवाल ने तुरंत द्वारका के पुलिस कमिश्नर को फोन किया, जिन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों की एक टीम को घर भेजा और बच्चों के बयान दर्ज किए। दिल्ली पुलिस द्वारा कर्मचारियों के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई।

अस्पताल में काम करने वाली नाबालिग लड़की से डॉक्टर ने किया बलात्कार



कल्याण: अस्पताल में काम करने वाली एक नाबालिग लड़की से डॉक्टर ने ही बलात्कार किया। महाराष्ट्र के कल्याण की यह घटना है। डॉक्टर ने अस्पताल में ही लड़की से बलात्कार किया और उसे धमकाया भी। मिली हुई जानकारी के अनुसार, इस अस्पताल के पास में ही एक मेडिकल दुकान भी है। डॉक्टर के साथ-साथ इस मेडिकल दुकान के मालिक द्वारा भी लड़की से बलात्कार करने की बात सामने आई है। मेडिकल मालिक ने लड़की के साथ हुए अत्याचार का वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए उसके साथ बलात्कार किया।

इस पूरे मामले से परेशान होकर पीड़िता ने कोलसेवाडी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। जिसके बाद पुलिस ने डॉ. ताज अंसारी और मेडिकल मालिक दिलदार शेख के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। पुलिस ने डॉक्टर को गिरफ्तार भी कर लिया है, तो मेडिकल दुकान मालिक दिलदार शेख फरार हो चुका है।

पुलिस की पूछताछ में और एक बड़ी बात सामने आई है। पुलिस ने जिस डॉक्टर को गिरफ्तार किया है, वह नकली है। उसने झूठी डिग्री दिखाकर अस्पताल शुरू किया था। कल्याण के नेतिवली इलाके में हसन क्लिनिक नाम से एक छोटा अस्पताल है। इसी क्लिनिक के पास दिलदार शेख की मेडिकल दुकान भी है।

ताज अंसारी के इसी अस्पताल में नाबालिग लड़की काम किया करती थी। यह लड़की काफी गरीब थी और उसे काम की काफी जरुरत थी। इसी बात का फायदा उठाते हुए ताज ने लड़की को काम से निकाल देने की धमकी दी और इसके बाद उसने लड़की के साथ अस्पताल में ही रेप किया। इसके बाद भी कई बार ताज अंसारी ने लड़की पर अत्याचार किया। इस बात की खबर जब मेडिकल मालिक दिलदार शेख को लगी तब उसने ताज और पीड़िता का एक वीडियो बनाया और इस वीडियो को वायरल करने के धमकी देते हुए लड़की से बलात्कार किया। पिछले कई दिनों से दोनो लड़की से बलात्कार करते रहे। अंत में इससे परेशान होकर लड़की ने अपने परिवार को इस बारे में सब कुछ बता दिया, जिसके बाद लड़की के परिवार ने सीधे कोलसेवाडी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करवाई। इसी शिकायत के बाद पुलिस ने ताज अंसारी को गिरफ्तार किया। फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले में और जांच कर रही है।

नकली सोना देकर ठगी करने वाले छह भारतीय नेपाल में गिरफ्तार

नई दिल्ली: नेपाल के भोजपुर इलाके से छह भारतीय नागरिकों को स्थानीय गांववासियों को उनके स्वर्ण आभूषणों को कथित तौर पर नया करने का लालच देकर उन्हें सोने का पानी चढ़े गहनों से बदल देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। शुक्रवार को मीडिया में आई एक खबर में यह जानकारी दी गई। हिमालयन टाइम्स समाचारपत्र की खबर के मुताबिक सभी आरोपी बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के रहने वाले हैं।जिन्होंने स्थानीय लोगों को लालच देकर उनके गहनों को नये सिरे से गढ़ने और सोने के आभूषणों को चमका देने का वादा कर उसे नकली सोने से बदल दिया।अखबार ने भोजपुर जिला पुलिस कार्यालय के एक अधिकारी के हवाले से कहा कि आरोपियों के पास एक्वा रीजिया था जो हाइड्रोक्लोरिक एसिड और नाइट्रिक एसिड का रासायनिक मिश्रण है जिसका इस्तेमाल असली सोने को पिघलाने के लिए किया गया। पुलिस ने बताया कि जिले से फरार होने की तैयारी कर रहे आरोपियों को पकड़ लिया गया। उन्हें हिरासत में लेकर जांच शुरु कर दी गई है।

खदान में खुदाई करने वाले दो मजदूरों की किस्मत रातोंरात बदली और बन गए करोड़पति

नए साल से पहले मध्य प्रदेश के पन्ना जिले में दो मजदूरों की किस्मत अचानक से बदल गई और दोनों करोड़पति बन गए. यह दोनों मजदूर हीरे की खदान में काम करते हैं. दो महीने पहले खुदाई का काम करने वाले मोतीलाल और रघुवीर प्रजापति ने जिला प्रशासन से लीज पर खदान लिया था. खुदाई के दौरान इन्हें एक बड़ा हीरा मिला. शुक्रवार को इस हीरे की नीलामी हुई जिसके बदले २.५५ करोड़ रुपये मिले. हीरे की नीलामी के दौरान कई करोड़पति कारोबारियों ने बोली लगाई थी. नीलाम हुआ हीरा ४२.९ कैरट का बताया जा रहा है.

इस हीरे को झांसी के राहुल नाम के एक व्यपारी और बीएसपी नेता ने मिलकर खरीदा है. मोतीलाल ने बताया कि उसने यह खदान २०० रुपये की लीज पर छह महीने के लिए ली थी. खुदाई के दौरान मिले हीरे को हमने हीरा खदान अधिकारी कार्यालय में जमा कराया. जिसके बाद इस हीरे की नीलामी कराई गई और फिर यह हीरा २.५५ करोड़ रुपये में नीलाम हुई. अभी नीलामी के दौरान लगाई गई बोली की २० प्रतिशत धनराशि जमा की गई है और शेष राशि हीरा मिलने के एक महीने के अंदर वे जमा करेंगे. नीलामी के बाद मिली राशि पर मोतीलाल ने कहा कि वे इन पैसों से अपने बच्चों को पढ़ाएंगे और अपने माता-पिता की सेवा करेंगे.

जन्म लेनी वाली बच्ची के हाथ-पैर में थी ६ उंगलिया

शुभ और अशुभ के नाम पर इंसान कभी कभी ऐसी हरकत कर बैठता है जो लोगों को डरा के रख देती है. लेकिन उसके बाद भी आज समाज में ऐसी घटनाएं बदस्तूर जारी है. इस घटना को एक कलयुगी मां ने अंजाम दिया. एक ऐसा ही चौकानें वाली घटना मध्यप्रदेश से सामने आई है. जहां एक महिला ने अपने एक दिन की बच्ची के उंगलियों को काट दिया. जिसके कारण एक दिन की बच्ची की मौत हो गई. मामला एमपी के खंडवा का है. जहां के सुंदरदेव नाम गांव में एक मां की आंखो पर अंधविश्वास का ऐसा पर्दा चढ़ा की उसने बड़ी ही बेहरमी से अपनी एक दिन बच्ची को मार डाला.

दर्दनाक! जब मां का नहीं करवा पाया इलाज तो पूरे परिवार के साथ जहर खाकर दे दी जान

जामनगर: गुजरात में मां के इलाज का खर्च उठाने में नाकाम रहे एक बेटे ने अपने पूरे परिवार के साथ कीटनाशक पीकर कथित रूप से आत्महत्या कर ली.पुलिस ने मंगलवार को बताया कि किराना की दुकान चलाने वाले दीपक सकारिया (४५) अपनी बुजुर्ग मां के इलाज में खर्च के कारण के कारण आर्थिक समस्याओं का सामना कर रहे थे.जामनगर के पुलिस अधीक्षक शरद सिंघल ने कहा, ''सकारिया और उसके परिवार के चार सदस्यों ने सोमवार (३१ दिसंबर) की रात को पानी के साथ कीटनाशक मिलाकर पी लिया. वह अपनी ८० वर्षीय मां के इलाज में होने वाले खर्च के कारण आर्थिक तंगी से जूझ रहा था.''उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान दीपक सकारिया (४५), उसकी पत्नी आरती सकारिया (४२), बेटी कुमकुम (११), बेटे हेमंत (पांच) और दीपक की मां जया पन्नाला (८०) के रूप में हुई है.सकारिया परिवार सूर्यमुखी कालोनी में रहता था. सिंघल ने बताया कि पुलिस को आज सुबह घटना की सूचना मिली.

बेरोजगार पति ने की पत्नी की हत्या

राजस्थान : उदयपुर के चित्तौड़गढ़ में दिल दहला देने वाली एक घटना सामने आई है. जहां पत्नी के ताने की वजह से पति ने उसकी हत्या कर दी. दस साल पहले विद्या ने अपने घरवालों के खिलाफ जाकर नरेश से विवाह किया था. शादी के कुछ साल तक उनकी जिंदगी आराम से कटी. जीने के लिए सिर्फ प्यार नही पैसा भी जरुरी होता है. पिछले पांच सालों से नरेश के काम पर न जाने की वजह से दोनों में लगातर झगड़े हो रहे थे. काम न करने की वजह से विद्या अपने पति को ताना मारती रहती थी. जिसकी वजह से दोनों में मारपीट होती थी. नौकरी को लेकर दो दिन पहले नरेश और विद्या के बिच झगड़ा हुआ और नरेश ने गुस्से में पत्नी पर सरिये से वार किया, उसके बाद मफलर से गला घोटकर उसे मार दिया. पत्नी को जान से मारने के बाद नरेश ने उसकी लाश को घर के कोने में बैठा दिया और खाना बनाकर खाता रहा. दो दिन तक जब विद्या किसी को दिखाई नही दी, तो नरेश के पिता जो गांव से दूर रहते थे कुछ लोगों को लेकर उसके घर पहुंचे तो नरेश ने उन्हें पत्थर मारकर भगा दिया. जिसके बाद उन्होंने पुलिस की मदद ली पुलिस जब घर के अंदर गई तो उन्हें विद्या की लाश बैठी हुई मिली. पुलिस ने नरेश को गिरफ्तार कर लिया है और विद्या की लाश

लाश को कई दिन तक घर में रखकर बनाता रहा खाना

को पोस्टमोर्ट के लिए भेज दिया है. विद्या के मायके वालों से पूछताछ करने के बाद पता चला कि विद्या की सगाई नरेश से हुई थी. लेकिन फिर बाद में विद्या के पिता उसकी शादी नरेश से करने के खिलाफ हो गए. लेकिन विद्या ने परिवार के खिलाफ जाकर नरेश से कोर्ट मैरेज कर ली. शादी के बाद वो कभी भी मायके नही गई.

उत्तर प्रदेश-दिल्ली को दहलाने की नापाक साजिश

इंजीनियर निकला मास्टरमाइंड-गहनों को बेच के जमा किए थे पैसे

उत्तर प्रदेश और राजधानी दिल्ली में राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी ने बुधवार को आतंकी संगठन ISIS के मॉड्यूल के नापाक मंसूबों पर पानी फेरते हुए उनके संगठन का पर्दाफाश किया. इसके साथ अब कई बड़े खुलासे भी होने लगे हैं और पता चल रहा है कि कैसे आतंकी भारत को दहलाने की साजिश रच रहे थे. आतंकी संगठन आईएसआईएस के मॉड्यूल 'हरकत-उल-हर्ब-ए-इस्लाम' के एक सरगना सहित १० लोगों को गिरफ्तार करने का दावा किया.सुरक्षा एजेंसियों द्वारा की गई इस कर्रवाई में उत्तर प्रदेश के अमरोहा से मस्जिद के एक मौलवी और थर्ड ईयर सिविल इंजीनियर को गिरफ्तार किया है. सूत्रों के माने इन्ही दोनों को मास्टरमांइड माना जा रहा है. माना जा रहा है कि बम बनाने से लेकर आर्थिक तौर पर मजबूती की जिम्मेदारी २९ साल इंजीनियर मुफ्ती मोहम्मद सुहैल ने पैसा इकट्ठा करने के घर में रखा गोल्ड भी बेंच दिया था. इस दौरान उसके संपर्क में विदेश में बैठे किसी हैंडलर से संपर्क में थे. इस दौरान सुहैल उर्फ हजरत और उसके साथियों ने फंड जुटा लिया था और बम तैयार करने के लिए हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक सामग्री की खरीद की है.

महाराष्ट्र शासन

वारसा अभिव्यक्ती स्वातंत्र्याचा...

पत्रकारांच्या कल्याणासाठी :

विकास पत्रकारितेला चालना देण्यासाठी आचार्य बाळशास्त्री जांभेकर यांच्यासह विविध महापुरुषांच्या नावे दरवर्षी पुरस्कार देऊन पत्रकारांचा सन्मान.

पत्रकारितेत महत्वपूर्ण योगदान देणाऱ्या ज्येष्ठ पत्रकार, संपादकांचा लोकमान्य टिळक जीवनगौरव पुरस्काराने सन्मान

राज्यातील सुमारे तीन हजार पत्रकारांना अधिस्वीकृतीपत्रिका प्रदान

अधिस्वीकृतीधारक पत्रकारांना आजार, अपघात झाल्यास किंवा अकस्मात निधन झाल्यास त्यांच्या कुटुंबियांना मदत करण्यासाठी शंकरराव चव्हाण सुवर्णमहोत्सवी पत्रकार कल्याण निधीची स्थापना. आतापर्यंत १८६ पत्रकार व त्यांच्या कुटुंबियांना सुमारे रु.१ कोटी १६ लाख अर्थसहाय्य.

अधिस्वीकृतीधारक पत्रकारांना राज्य मार्ग परिवहन महामंडळाच्या बसमध्ये तसेच रेल्वेमध्ये प्रवासासाठी सवलत.

अधिस्वीकृतीपत्रिकाधारक पत्रकारांना शासकीय रुग्णालयांमध्ये मोफत औषधोपचार.

वृत्तपत्रे व नवीन माध्यम यांना उपयुक्त ठरणाऱ्या नवीन शासकीय संदेश प्रसार नियमावलीला मान्यता. सुमारे १७ वर्षानंतर सर्वसमावेशक सुधारित नियमावली आणि सुमारे १० वर्षानंतर जाहिरात दरांमध्ये भरीव वाढ!

आचार्य बाळशास्त्री जांभेकर
(१८१२-१८४६)

दर्पणकार
आचार्य बाळशास्त्री जांभेकर
यांच्या स्मृतीस
विनम्र अभिवादन...

श्री. नरेंद्र मोदी
मा. प्रधानमंत्री

श्री. देवेंद्र फडणवीस
मा. मुख्यमंत्री

दर्पणदिनाच्या हार्दिक शुभेच्छा !

माहिती व जनसंपर्क महासंचालनालय, महाराष्ट्र शासन

डीजीआयपीआर आरओसी - २०१८-१९ क्र-५/C५५७७

जनवरी के मध्य से मढ वर्सोवा पुल के काम का टेंडर

सांसद गोपाल शेट्टी ने की समीक्षा

मेट्रो दिनांक संवाददाता

मुंबई, मलाड के विकास कार्य पर, उत्तर मुंबई के सांसद गोपाल शेट्टी ने हाल ही में संबंधित अधिकारियों की एक बैठक ली। इस समय मलाड इन्फिनिटी मॉल के पास फुटबॉल ग्राउंड और बहुप्रतीक्षित मलाड-वर्सोवा ब्रिज के काम की समीक्षा की गई।मढ-वर्सोवा पुल के काम का टेंडर जनवरी माह के मध्य में निकलेगा। टेंडर प्रक्रिया पूरी होते हि तुरंत पुल का निर्माण शुरू करने के महत्वपूर्ण निर्देश सांसद शेट्टी ने संबंधित अधिकारियों को दिए । बैठक में उत्तर मुंबई के जिला उपाध्यक्ष यूनुस खान, पी-नॉर्थ वार्ड कमेटी की अध्यक्षा जया तिवाना, पी नॉर्थ वार्ड के असिस्टेंट कमिश्नर संजोग कबरे, मुंबई महानगर पालिका ब्रिज डिवीजन के अधिकारीगण, मुंबई मनपा चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी, मुंबई डीपी विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

सांसद गोपाल शेट्टी ने आगामी मढ-वर्सोवा ब्रिज के काम की समीक्षा की। इस बारे में जानकारी देते हुए, मुंबई महानगर पालिका के ब्रिज विभागीय अधिकारी, ने कहा, 'इस पुल के लिए निविदा प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और जनवरी माह के मध्य तक इस कार्य के लिए टेंडर निकलेगा ।' सांसद शेट्टी ने यह जानकारी देते हुए कहा, '' इस विषय के बारे में मै पिछले दो महीने से निरंतर रूप से मुंबई मनपा ब्रिज विभाग के मुख्य अभियंता संजय दराडे के साथ चर्चा कर रहा हूँ। मढ आइलैंड और वर्सोवा को जोड़ने के लिए एकमात्र नौका सेवा चालू है। लेकिन नागरिकों को घंटों तक कतार में खड़ा होना पड़ता है। फेरी बोट में ज्यादा - से ज्यादा यात्रियों को शामिल किया जाता है। जिस वजह से नागरिकों की जान जोखिम में पड सकती है। मुंबई महानगर पालिका ने प्रस्तावित मढ-वर्सोवा ब्रिज निर्माण हेतू सर्वे किया था. लेकिन अभी तक ब्रिज निर्माण के काम की प्रगति नहीं हुई है। ब्रिज के लिए आवश्यक निविदा प्रक्रिया जल्द से जल्द की जानी चाहिए।

पी-नॉर्थ वार्ड कमेटी की अध्यक्षा जया तिवाना ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को फुटबॉल ग्राउंड के बारे में विस्तृत जानकारी दी। फुटबॉल ग्राउंड निर्माण हेतू कितने निधी की आवश्यकता है और अब तक कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है आदी जानकारी सांसद शेट्टी ने तिवाना से प्राप्त की। फुटबॉल मैदान का काम जल्द से जल्द सुरू करें यह निर्देश सांसद गोपाल शेट्टी द्वारा तिवाना और मुंबई मनपा ब्रिज विभागीय अधिकारियों को दिए गए।

प्रभाग क्र.४४ की नगरसेविका सौ.संगिता ज्ञानमूर्ती शर्मा के प्रयत्नों से दिंडोशी पाडा, डाक संघटना के रस्ता दुरुस्तीकरण के काम का भुमिपूजन बुधवार दि.२/०१/२०१९ को शाम ७.३० बजे आमदार / उत्तर पश्चिम मुंबई के जिलाध्यक्ष अमीत साटम, मुंबई भाजपा उपाध्यक्ष, मा.आमदार राजहंस सिंह, मा.नगरसेवक ज्ञानमूर्ती शर्मा, दिंडोशी मंडळ अध्यक्ष राजन सिंह के हाथों किया गया। इस अवसर पर स्थानीय रहिवाशी व भाजपा पदाधिकारी उपस्थित थे.

मालाड में लिट्टी-चोखा स्नेह मिलन समारोह

सांसद गोपाल शेट्टी, अमरजीत मिश्र व हैदर आजम का सम्मान

संवाददाता

मुंबई । पत्रकार विकास संघ के तत्वावधान में मालाड पश्चिम के कांच पाड़ा रोड़, रामचंद्र लेन स्थित श्री कपोल वेंक्वेट हाल में शनिवार दिनांक ५ जनवरी २०१८ को स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया. लिट्टी-चोखा स्नेह मिलन के साथ सर्वश्रेष्ठ सांसदो की लिस्ट में स्थान पाने वाले उत्तर मुंबई के सांसद गोपाल शेट्टी, राज्यमंत्री का दर्जा प्राप्त अमरजीत मिश्र एवं हैदर आजम का सार्वजनिक सम्मान किया गया. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पत्रकारों के साथ अनेक समाज के लोग मौजूद थे. संचालन करते हुए सुनील सिंह ने बताया कि फेम इंडिया मैगजीन-एशिया पोस्ट २०१८ के सर्वे में घोषित सर्वश्रेष्ठ २५ सांसदो को लिस्ट में सांसद गोपाल शेट्टी, चित्रपट व रंगभूमि विकास मंडल का उपाध्यक्षा (राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त) बने भाजपा नेता अमरजीत मिश्र व मौलाना आजाद कमेटी का चेअरमैन बने हैदर आजम का सम्मान करने का फैसला संघ ने सर्वानुभूति से किया था. इस अवसर पर अभिनेता अनुपम श्याम ओझा, समाज सेवी ठाकुर जयशंकर सिंह, राजेन्द्र ठाकुर, विजय शंकर मिश्र, राजेश विक्रांत, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, कवि सागर त्रिपाठी, सुमिता केशवा, विजय बटालवी, अमर त्रिपाठी, राजकिशोर तिवारी, फरीद शेख, आलम पठान, मुरारी सिंह, तुफेल खान, संतोष पांडेय, शिवा देवनाथ, सचिन शर्मा, अर्जुन कांबले, विनोद यादव, अनुराग त्रिपाठी, देवांश मिश्र, संतोष गुप्ता आदि उपस्थित थे.

चित्र में सामाजिक संगठन जन सावधान के संस्थापक ठाकुर जयशंकर सिंह ने अमरजीत मिश्र, सांसद गोपाल शेट्टी, व हैदर आजम को शाल ओढा कर पुष्पगुच्छ देकर उनका सम्मान किया

मेट्रो दिनांक के प्रधान संपादक वरिष्ठ पत्रकार दीनानाथ तिवारी का जन्मदिन धूमधाम से संपन्न

सर्वश्रेष्ठ सांसद माननीय गोपाल शेट्टी के द्वारा वरिष्ठ पत्रकार दीनानाथ तिवारी के जन्मदिन पुष्प गुच्छ देकर दी बधाई

पूरे महाराष्ट्र में सर्वश्रेष्ठ सांसद को बहुमान से सम्मानित किए जाने वाले सांसद गोपाल शेट्टी जी को गुलदस्ता व कैलेंडर देते हुए लंबी आयु की कामना की। इस शुभ अवसर पर भाजपा दिंडोशी विधानसभा के महामंत्री सुधीर राऊत, मंडल उपाध्यक्ष सुरेश शिंपी, मेट्रो दिनांक के मुद्रक प्रकाशक मंजू तिवारी, वार्ड क्रमांक ४२ की अध्यक्षा भारती बेडे महामंत्री अखिलेश पांडे के अलावा भारी संख्या में लोग मौजूद थे।



METRO DINANK TV NEWS

सब पर नजर, सबकी खबर..!

मेट्रो दिनांक

राष्ट्रीय हिंदी समाचार पत्र

जन्मदिन पर

५ जन.

दीनानाथ तिवारी

संपादक-मेट्रो दिनांक

शुभेच्छुक : संतोष तिवारी

पूजा पाण्डेय एवं समस्त तिवारी परिवार

सर्वश्रेष्ठ सांसद के बहुमान से नवाजे गए सांसद श्री गोपाल शेट्टी जी ने मेट्रो दिनांक के प्रधान संपादक दीनानाथ तिवारी जी के जन्मदिन पर बधाई देते हुए उन्हें पुष्पगुच्छ देकर स्वागत करते हुए.

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता माननीय श्री प्रेम शुक्ल जी ने मेट्रो दिनांक के प्रधान संपादक दीनानाथ तिवारी के जन्मदिन पर शुभेच्छा दी इस मौके पर कई फिल्मी कलाकार मौजूद थे.

मेट्रो दिनांक के प्रधान संपादक वरिष्ठ पत्रकार दीनानाथ तिवारी के जन्मदिन पर पुष्पगुच्छ देकर देकर बधाई देते हुए उनके शुभचिंतक.

मुद्रक, प्रकाशक - मंजू दीनानाथ तिवारी, स्वामी एवं संपादक- दीनानाथ एम. तिवारी द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस गाला नं.3-4, अमीन इंडस्ट्रीयल इस्टेट, सोनावाला क्रॉस रोड नं.2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 63 से
मुद्रित तथा जय बजरंगबली चाल कमेटी, गांधी नगर, कुरार विलेज, मालाड (पूर्व), मुंबई-97 से प्रकाशित। संपादक- दीनानाथ एम. तिवारी Mob. : 9004162915 / 70391 43986
RNI.No.:MAHHIN/2009/35355 संपर्क : टेलीफैक्स 022-29656280, मो. 9821287905, 9322248353-9167009629 Email : metrodinank@gmail.com